राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : पर्यावरण विज्ञान

पाठ - 2 पर्यावरण और मानव समाज

कार्यपत्रक - 2

1. पानी पुनः प्राप्ति योग्य प्राकृतिक संसाधन है। फिर भी आजकल इसकी कमी क्यों देखने को मिलती है? इसके कारणों के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

2. भू - संसाधनों के तेजी से कम होने के किन्हीं छह कारणों का उल्लेख कीजिए।

3. सूक्ष्मजीवियों की दैनिक जीवन में भूमिका का वर्णन कीजिये।

4. *आस्ट्रेलोपिथिकस, होमो हिबिलिस* और *होमो इरेक्टस* मानव विकास के महत्वपूर्ण पूर्वजों वाली अवस्थायें रही हैं। इस सभी तीनों अवस्थाओं की तुलना निम्न पदों के अनुसार कीजिये।

   (क) अस्तित्व की समय अवधि
   (ख) औजारों की संरचना और प्रयोग
   (ग) व्यवहार
   (घ) अवशेष मिलने का स्थान

5. आदिमानव चारों पैरों से चलता था। दो पैरों से चलने से होने वाले लाभों का वर्णन कीजिये।
6. आधुनिक मानव उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करने में आदिम मानव से किस प्रकार भिन्न है?
7. "जब से मानव का उद्भव हुआ है, तब से लेकर आज तक मानव और उनके पर्यावरण में काफी बदलाव आया है।" अपने उत्तर के समर्थन में कारण कीजिये।
8. उन सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं या विकास (खोजों) का उल्लेख कीजिए जिन्होंने शिकारी - संग्राहक और खानाबदोश जीवन-यापन करने वाले लोगों को व्यवस्थित जीवन की शुरुआत करने की प्रेरणा दी।
9. तीव्र गति से होने वाले औद्योगीकरण का प्राकृतिक पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव हुआ है। इसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलुओं के समर्थन में कारण दीजिये।
10. "आदिम मानव ने अग्नि (आग) की खोज की।" यह किस तरह से घटित हुआ? इसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।